SHOURABH COLLEGE OF VETERINARY SCIENCE
Recognised by Govt. of India & VCI New Delhi, Affiliated to RAJUVAS, Bikaner (Raj.)
Kheda, Hindaun City, District- Karauli 322234 (Raj.)
Email: scvkheda21@gmail.com; Website: www.scvshindauncity.in
Mob: +91 9460073909, 07469-294505

दिनांक 21-08-2026

# प्रेस नोट

## डॉ. सुनील कुमार मीना के शोध से तोतापुरी बकरी नस्ल को मिली राष्ट्रीय मान्यता

हिंडौन सिटी/राजस्थान:

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, करनाल द्वारा राजस्थान की प्रसिद्ध 'तोतापुरी' बकरी नस्ल को आधिकारिक रूप से नई देशी नस्ल के रूप में पंजीकृत कर लिया गया है। इस ऐतिहासिक अनुसंधान कार्य में सौरभ कॉलेज ऑफ वेटरनरी साइंस (खेड़ा, हिंडौन सिटी) में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार मीना का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान

राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, करनाल मे चौदहवी नस्ल पंजीकरण समिति की बैठक में तोतापुरी नस्ल को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता देते हुए परिग्रहण संख्या जारी की गई है।

शोध दल में मुख्य भूमिका

इस शोध दल में डॉ. सुनील कुमार मीना के साथ-साथ पूर्व कुलपति डॉ. सतीश के. गर्ग, प्रो. आर. के. नागदा, डॉ. एम. सी. शर्मा, डॉ. लोकेश गौतम (सीवीएएस, वल्लभनगर, राजूवास) तथा वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ए. के. मिश्रा एवं डॉ. एम. एस. दिगे शामिल रहे।

पशुपालकों के लिए गौरव का विषय

डॉ. सुनील कुमार मीना के इस शोध और उपलब्धि से न केवल संस्थान का नाम रोशन हुआ है, बल्कि राजस्थान के पशुपालकों को भी तोतापुरी नस्ल के संवर्धन, संरक्षण और वैज्ञानिक पहचान का बड़ा लाभ मिलेगा। इस उपलब्धि पर कॉलेज प्रबंधन, शिक्षाविदों और क्षेत्रवासियों ने डॉ. सुनील कुमार मीना व पूरी शोध टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस उपलब्धि पर सौरभ कॉलेज ऑफ वेटरनरी साइंस के डीन प्रोफेसर डॉ ए. के. कटारिया ने डॉ. सुनील कुमार मीना को बधाई देते हुए खुशी जाहिर की है और राष्ट्रीय स्तर पर इस नई देशी नस्ल की पहचान से किसानों को होने वाले लाभ के बारे मे बताया ।